**त्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

## <u>राज्यपाल ने महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर आदरांजलि अर्पित की</u>

लखनऊः 29 जनवरी, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर लखनऊ के हुसैनगंज चैराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर जाकर अपनी आदरांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। राज्यपाल ने महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप वीरता, अदम्य साहस और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। 16वीं शताब्दी महाराणा के पराक्रम के लिये सदैव जानी जायेगी। उनमें राजसुख की लालसा नहीं थी। महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की रक्षा में जंगलों में भटके एवं घास की रोटी खाकर संघर्ष किया परन्तु अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। उन्होंने अपनी मातृभूमि मेवाड़ को स्वाधीन कराने में सफलता पाई। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का संघर्षमय जीवन, विषम एवं विपरीत परिस्थितियों में भी हार ना मानने की प्रेरणा प्रदान करता है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर लोगों का आहवान किया कि महापुरूषों की जयंती व पुण्यतिथि के अवसर पर उनके विचारों की चर्चा करें और हम सबका दायित्व है कि स्वराज्य को सुराज में बदलने का प्रयास करें।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (38/38)